सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5355	26.06.2019	26.06.2019	**Delhi**	Hindustan Times Hindi Newspaper 26th June, 2019/Page No. 05
Title:	**11 children affected due to Diphtheria in Delhi**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to SSU-Delhi			

डिप्थीरिया की चपेट में आए 11 बच्चे

आफत

नई दिल्ली | **वरिष्ठ संवाददाता**

दिल्ली में बच्चों की जानलेवा बीमारी डिप्थीरिया का प्रकोप फिर शुरू हो गया है। उत्तरी निगम के महर्षि वाल्मीकि संक्रामक रोग अस्पताल में इस महीने 25 जून तक डिप्थीरिया (दमघोंटू) से पीड़ित 11 बच्चे भर्ती हुए हैं, जबकि एक बच्चे की मौत हो गई है।

वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस बीमारी से 4 जून को अस्पताल में एक बच्चे की मौत हो गई। गौरतलब है कि इस बीमारी से पिछले साल एक माह में ही 25 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई थी। अस्पताल में एंटी डिप्थीरिया सीरम खत्म हो गया था, जिसके चलते यहां के चिकित्सा निदेशक को निलंबित भी कर दिया था। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इस साल महर्षि वाल्मीकि अस्पताल इसके लिए तैयार है और एंटी डिप्थीरिया सीरम अस्पताल में उपलब्ध हैं। यह देश में संक्रामक रोगों के लिए सबसे बड़ा अस्पताल है। पिछले साल एम्स और सफदरजंग से भी बच्चों को यहीं रेफर किया गया था।

बीमारी से गले और नाक का संक्रमण

एम्स के प्रोफेसर नवल विक्रम के मुताबिक डिप्थीरिया एक संक्रामक रोग है, जो बैक्टीरिया के कारण होता है। ये बीमारी गले और नाक को संक्रमित करती है। इससे टॉन्सिल और दूसरे अंगों पर असर पड़ता है। इससे बचाव के लिए छोटी उम्र में ही बच्चे को डीपीटी का टीका लगाया जाता है। टीकाकरण के बाद डिप्थीरिया होने की आशंका कम होती है, लेकिन कुछ बच्चों को इसके बाद भी डिप्थीरिया हो जाता है। अधिकतर, इस बीमारी की चपेट में बच्चे आते हैं। हालांकि यह बड़ों को भी हो सकती है। बैक्टीरिया का इंफेक्शन सबसे पहले गले में होता है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर